"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/ तक. 114-009/2003/20-1-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 10] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 9 मार्च 2007—फाल्गुन 18, शक 1928

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 फरवरी 2007

क्रमांक ई-1-01/2007/एक/2.—श्री सुनील कुजूर, भा. प्र. से. (1986) पंजीयक, सहकारी संस्थाएं एवं सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सचिव, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है. इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 7-2-2007 द्वारा श्री कुजूर को सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था, जो यथावत् रहेगा.

2. श्री अशोक कुमार अग्रवाल, भा. प्र. से. (2000) संचालक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2007.

3. श्री अग्रवाल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर श्री कुजूर पंजीयक, सहकारी संस्थाएं के प्रभार से मुक्त होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवराज सिंह, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी 2007

क्रमांक ई-1-27/2004/एक/2.—भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 13017/49/2001-एआईएस (I), दिनांक 21-08-2001 के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम-6 (1) के अंतर्गत श्री अजयबारा प्रसाद आदिथाला, भा. प्र. से. (HP : 1986) की सेवायें छत्तीसगढ़ शासन को अंतर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति पर तीन वर्ष के लिये सौंपी गई थी. तदपश्चात् भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 13017/49/2001-एआईएस (I), दिनांक 02-06-2005 के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम-6 (1) के अंतर्गत श्री अजयबारा प्रसाद आदिथाला, भा. प्र. से. (HP : 1986) के छत्तीसगढ़ राज्य में अंतर्राज्यीय प्रतिनियुक्ति की अवधि में दिनांक 21-2-2005 से दो वर्ष वृद्धि की गई थी.

2. श्री आदिथाला के अंत:संवर्गीय प्रतिनियुक्ति समाप्ति के पश्चात् दिनांक 21-02-2007 से 20-04-2007 तक (दो माह) अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 21 एवं 22 अप्रैल 2007 के शासकीय अवकाश (शनिवार एवं रविवार) को भी जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

3. उक्त अवकाश अवधि समाप्ति पर श्री आदिथाला अपने पैतृक संवर्ग (हिमाचल प्रदेश) में उपस्थिति देंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेणु जी. पिल्ले, सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 फरवरी 2007

क्रमांक ई-7/44/2004/1/2.—श्री विकास शील, भा. प्र. से., प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम, रायपुर को दिनांक 01-03-2007 से 09-03-2007 तक (09 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 10 एवं 11 मार्च, 2007 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति तथा उक्त अवकाश अवधि में उन्हें स्वयं के व्यय पर (विदेश प्रवास) टोरन्टो, कनाडा की यात्रा करने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री शील, भा. प्र. से. आगामी आदेश तक प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार गृह निगम, रायपुर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री शील, भा. प्र. से. को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शील, भा. प्र. से. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विभा चौधरी, अवर सचिव.

पर्यटन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 फरवरी 2007

क्रमांक एफ 2-3/33/2007.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री एम. जी. श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (वित्त एवं प्रशासन) एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग को अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ प्राचार्य, होटल प्रबंध कैटरिंग तकनालॉजी और अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, (Institute of Hotel Management Catering Technology and Applied Nutrition, Raipur, Chhattisgarh) रायपुर के पद पर नियुक्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. राधाकृष्णन, प्रमुख सचिव.

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी 2007

क्रमांक-एफ 3-01/2005/38.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 01-03-2005 द्वारा डॉ. टी. डी. शर्मा, सेवानिवृत्त अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष से अनाधिक अवधि के लिये नवगठित पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त किया गया था.

2. पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ (संशोधन) अधिनियम, 2006 के परिपालन में राज्य शासन द्वारा अब डॉ. टी. डी. शर्मा की नियुक्ति अवधि में 3 वर्ष की वृद्धि की जाती है.

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी 2007

क्रमांक-एफ 3-02/2005/38.—विभागीय समसंख्यक आदेश दिनांक 01-03-2005 द्वारा श्री सच्चिदानंद जोशी, कुलसचिव, माखन लाल चतुर्वेदी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय भोपाल को नवगठित कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्ति किया गया था.

2. छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2006 के परिपालन में राज्य शासन द्वारा अब श्री सच्चिदानंद जोशी की नियुक्ति अवधि में 3 वर्ष की वृद्धि की जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एल. पी. दाण्डे, अवर सचिव.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक 345/एफ-21/77/2/13/2007.—राज्य शासन एतद्द्वारा विभिन्न निवेशकों के साथ राज्य शासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के मध्य ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु किये गये एम. ओ. यू. के अधीन परियोजना से राज्य को वेरियबल कॉस्ट (Energy Charges) पर मिलने वाली बिजली एवं उक्त परियोजना से उत्पादित विद्युत का 30 प्रतिशत अंश खरीदने के प्रथम अधिकार के अनुसार आवेदक कंपनी से विद्युत क्रय अनुबंध हस्ताक्षरित करने के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल को राज्य शासन के अधिकृत एजेन्सी के रूप में आगामी आदेश तक अधिकृत करता है.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

रायपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक 347/एफ-21/77/2/13/2007.—राज्य शासन एतद्द्वारा मेसर्स आर. के. एम. पावरजेन प्रा. लिमिटेड, राज्य शासन एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के मध्य दिनांक 03-04-2006 को राज्य में 1200 मेगावाट क्षमता के ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु किये गये एम. ओ. यू. के अधीन परियोजना से राज्य को वेरियबल कॉस्ट (Energy Charges) पर मिलने वाली बिजली एवं उक्त परियोजना से उत्पादित विद्युत का 30 प्रतिशत अंश खरीदने हेतु आवेदक कंपनी एवं विद्युत मण्डल के मध्य दिनांक 29-9-2006 को हस्ताक्षरित विद्युत क्रय अनुबंध के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल को राज्य शासन के अधिकृत एजेन्सी के रूप में उक्त तिथि से अधिकृत करता है.

यह आदेश दिनांक 29-9-2006 से प्रभावशील होगा.

रायपुर, दिनांक 18 फरवरी 2007

क्रमांक 59/SS (E)/एफ-21/01/2/तेरह/2007.—राज्य शासन द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले (बी. पी. एल.) परिवारों को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल से जारी किये गये एक बत्ती विद्युत कनेक्शनों के अंतर्गत की गई बिजली की खपत के एवज में देयक भुगतान के संबंध में निम्नानुसार निर्णय लिये गये हैं :-

1. विद्युत मण्डल से प्राप्त मांग अनुसार राज्य में बी. पी. एल. परिवारों के द्वारा दिनांक 01-07-2005 से दिनांक 31-12-2006 की अवधि में देय बकाया राशि, यथा रुपये 14.32 करोड़, का भुगतान शासन द्वारा किया जायेगा. तद्नुसार दिनांक 31-12-2006 की स्थिति में प्रत्येक संबंधित उपभोक्ता को बकाया राशि निरंक दर्शाते हुए संशोधित बिजली देयक जारी किया जाएगा.

2. दिनांक 01-01-2007 से राज्य में बी. पी. एल. उपभोक्ताओं को जारी किये गये कनेक्शनों पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा दिनांक 01 अक्टूबर, 2006 से लागू किए गए टैरिफ आदेश में प्रावधानित शर्तों के अधीन, प्रत्येक माह अधिकतम 30 यूनिट खपत की सीमा में नि:शुल्क बिजली की सुविधा प्रदान की जावेगी.

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा.

रायपुर, दिनांक 26 फरवरी 2007

क्रमांक एफ 10-2/2006/13/1.—राज्य शासन, एतद्द्वारा मुख्य विद्युत निरीक्षकालय, छ. ग. रायपुर के अंतर्गत रायपुर उपसंभागीय कार्यालय को विभाजित कर क्रमशः उपसंभाग (वि. सु.) रायपुर क्रमांक-1 एवं क्रमांक-2 कार्यालय खोलने की अनुमति प्रदान करता है.

2. उक्त विभाजन के फलस्वरूप उपसंभाग रायपुर क्रमांक-1 के अंतर्गत विद्युत मण्डल के क्रमशः रायपुर पूर्व, रायपुर पश्चिम, रायपुर उरला एवं संचालन एवं संधारण वृत्त रायपुर का (ओ/एम) संभाग रायपुर क्षेत्र निर्धारित होंगे. तथा उपसंभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत रायपुर संचारण एवं संधारण वृत्त के अंतर्गत आने वाले विद्युत मण्डल (ओ एण्ड एम) के महासमुन्द, धमतरी, भाटापारा एवं राजिम संभाग क्षेत्र निर्धारित होंगे.

3. रायपुर उपसंभाग क्रमांक-2 की स्थापना हेतु निम्नलिखित पद निर्माण (आवर्ती व्यय) की स्वीकृति प्रदान करता है :-

क्रमांक	पदनाम	वेतनमान	पद संख्या
1.	सहायक अभियंता (वि. सु.) एवं सहायक विद्युत निरीक्षक	रु. 8000-13500	01
2.	उप-अभियंता	रु. 5000-8000	03
3.	सहायक श्रेणी-2	रु. 4000-6000	01
4.	सहायक श्रेणी-3	रु. 3050-4590	02
5.	विद्युतकार	रु. 3050-4590	01
6.	जांच अनुचर	रु. 2750-4400	01
7.	भृत्य	रु. 2550-3200	01
		कुल	10 पद

उपरोक्त पदों के अतिरिक्त जिलाध्यक्ष द्वारा निर्धारित दर पर निम्नलिखित पद भी रहेंगे :-

क्रमांक	पदनाम	वेतनमान	पद संख्या
1.	चौकीदार (पूर्णकालिक)	कलेक्टर दर पर	01
2.	स्वीपर (अंशकालीन)	कलेक्टर दर पर	01
		कुल	02 पद

4. उपरोक्त नवीन उपसंभाग रायपुर क्रमांक-2 की स्थापना के लिये अनावर्ती व्यय के अंतर्गत निम्नानुसार फर्नीचर/सामग्री, छ. ग. स्टेट इंडस्ट्रियल कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर से क्रय किये जाने की सहमति प्रदान करता है :-

क्र.	फर्नीचर/सामग्री	मात्रा	दर	राशि
1.	टेबल एक्जीकेटिव्ह साईज 180x120x75 सेमी.	01	6871=00	6871=00
2.	टेबल साधारण	07	2168=00	15176=00
3.	कुर्सी	12	644=00	7728=00
4.	पेपर टेक	06	155=00	930=00
5.	पेपर ट्रे	06	109=00	654=00
6.	फाईल रेक 1829x838x450 एम. एम.	04	1702=00	6808=00
7.	स्टूल	02	393=00	786=00
8.	आलमारी 78"x36"x19 (लॉकर सहित)	01	5491=00	5491=00
9.	आलमारी 78"x36"x19 (लॉकर सहित)	01	4795=00	4795=00
			योग	49239=00
			12.5 प्रतिशत टैक्स	6155=00
			कुल योग	55394=00

5. उपरोक्त नवीन उपसंभागीय कार्यालय रायपुर क्रमांक-2 की स्थापना के लिए आवर्ती व्यय रुपये 4.00 लाख (चार लाख रुपये) एवं अनावर्ती व्यय रुपये 0.55 लाख (पचपन हजार रुपये) कुल रुपये 4.55 लाख (चार लाख पचपन हजार रुपये) मात्र विमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

6. यह व्यय मांग संख्या-12, मुख्य शीर्ष-2045-वस्तुओं और सेवाओं पर अन्य कर और शुल्क-103-संग्रह प्रभार बिजली शुल्क के अंतर्गत विकलनीय होगा.

7. यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू. ओ. जावक क्रमांक 102/सीएन 9604/बजट-5/वित्त/चार/2007, दिनांक 2-2-07 द्वारा प्रदान की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
देवासीष दास, विशेष सचिव.

तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति नियोजन , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 फरवरी 2007

क्रमांक एफ 5-07/2004/42.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 01-03-2005 द्वारा डॉ. बी. के. स्थापक, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर (छ. ग.) को नवगठित स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई के कुलपति पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त किया गया है.

2. डॉ. स्थापक की नियुक्ति छ. ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2004 की धारा-15 के तहत (अर्थात् 02 वर्ष के लिए) प्रथम कुलपति के रूप में की गई थी. छ. ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (संशोधन) (क्रमांक 15 सन् 2006) विधेयक, 2006 द्वारा उक्त अधिनियम की धारा-15 में दो वर्ष के स्थान पर पांच वर्ष प्रतिस्थापित किया गया है. अत: राज्य शासन द्वारा डॉ. स्थापक की पदावधि 03 वर्ष बढ़ाई जाती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. सी. वैरागी, उप-सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 फरवरी 2007

क्रमांक एफ-18-07/06/11/(6).—राज्य शासन एतद्द्वारा औद्योगिक नीति 2004-09 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिये निम्नानुसार अतिरिक्त सुविधाएं/अनुदान घोषित करता है :-

1. **मार्जिन मनी ऋण:-** औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हेतु बैंक से ऋण लेने पर सामान्यत: परियोजना लागत का 25% राशि मार्जिन मनी के रूप में आवेदक को स्वयं लगाना होता है. राष्ट्रीयकृत बैंक/अधिसूचित बैंक से ऋण प्राप्त कर औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों को उनकी मार्जिन मनी का 15% राशि जो अधिकतम रुपये 15 लाख होगा, शासन के द्वारा "मार्जिन मनी ऋण" के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा. मार्जिन मनी ऋण पर कोई ब्याज देय नहीं होगा, किन्तु 1% की दर से सर्विस चार्ज देय होगा. मार्जिन मनी ऋण का भुगतान एवं वसूली संबंधित बैंक के माध्यम से होगी.

2. **परियोजना प्रतिवेदन अनुदान :-** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों को निम्नानुसार परियोजना प्रतिवेदन अनुदान दिया जायेगा :-

(अ) सामान्य क्षेत्र के लिये - परियोजना लागत का 1% अधिकतम सीमा रुपये 2 लाख

(ब) अति पिछड़े अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के लिये - परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने में किये गये व्यय की शत-प्रतिशत राशि, अधिकतम सीमा रुपये तीन लाख.

उक्त सुविधायें औद्योगिक नीति 2004-09 लागू होने की दिनांक से देय होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. बेहार, विशेष सचिव.

रायपुर, दिनांक 23 फरवरी 2007

क्रमांक एफ 8-1/2007/11/6.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा एन. टी. पी. सी. कोरबा के बायलर क्रमांक-एम. पी./3748 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 20-2-2007 से 31-07-2007 तक की छूट प्रदान करता है :-

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. छत्तीसगढ़ बायलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद गुप्ता, विशेष सचिव.

जल संसाधन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 20 फरवरी 2007

क्रमांक एफ 01-106/स्था./31/2006.—राज्य शासन एतद्द्वारा, जल संसाधन विभाग में अधीक्षण अभियंता (सिविल) से मुख्य अभियंता (सिविल) के पद पर, पदोन्नति हेतु भर्ती नियम में निर्धारित अर्हकारी सेवा अवधि 05 वर्ष एवं मुख्य अभियंता से प्रमुख अभियंता के पद पर पदोन्नति हेतु निर्धारित अर्हकारी सेवा अवधि 02 वर्ष के स्थान पर क्रमश: एक-एक वर्ष की छूट देने की सामान्य प्रशासन विभाग के सहमति फलस्वरूप, उपरोक्त संवर्गों में एक वर्ष के लिए निर्धारित अर्हकारी सेवा अवधि में एक-एक वर्ष के लिए छूट दिये जाने की स्वीकृति प्रदान करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम तथा आदेशानुसार,
दिलीप वासनीकर, संयुक्त सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

कांकेर, दिनांक 19 फरवरी 2007

क्रमांक/53/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
उत्तर बस्तर कांकेर	कांकेर	कुरिष्टीपुर	2.94	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, कांकेर.	बांधापारा तालाब योजना अंतर्गत तालाब निर्माण हेतु चाहिए.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. एस. धनंजय, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं पदेन विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

राजनांदगांव, दिनांक 5 फरवरी 2007

क्रमांक/1024/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजनांदगांव	खैरागढ़	विक्रमपुर प. ह. नं. 3	5.48	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान.	गंजी गंजा जलाशय के अंतर्गत नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, खैरागढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है.

राजनांदगांव, दिनांक 5 फरवरी 2007

क्रमांक/1025/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजनांदगांव.	खैरागढ़	कटंगी खुर्द प. ह. नं. 2	3.16	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान.	गंजी गंजा जलाशय के अंतर्गत नहर निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, खैरागढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है.

राजनांदगांव, दिनांक 5 फरवरी 2007

क्रमांक/1037/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
राजनांदगांव	राजनांदगांव	जराही प. ह. नं. 17	0.14	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव.	जराही जलाशय के नहर नाली निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी, राजनांदगांव के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. एस. विश्वकर्मा, कलेक्टर एवं पदेन विशेष सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 29 दिसम्बर 2006

रा. प्र. क्र. 36/अ-82/2005-2006.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (संशोधित अधिनियम सन् 1984) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मुंगेली	बिरगहनी	0.320	कार्यपालन अभियंता, लो. नि. वि. संभाग क्र. 1, बिलासपुर.	तखतपुर-पथरिया मार्ग हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुंगेली के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 16 जनवरी 2007

क्रमांक 1/अ-82/2006-07.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	पेण्ड्रारोड	अंधियारखोह	0.437	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड.	सेमरहा जलाशय डूब क्षेत्र हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 16 जनवरी 2007

क्रमांक 3/अ-82/2005-06.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	पेण्ड्रारोड	अंधियारखोह	4.056	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड.	सेमरहा जलाशय मुख्य नहर निर्माण हेतु.

भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 16 जनवरी 2007

क्रमांक 6/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	पेण्ड्रारोड	कोरजा	6.953	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड.	गांगपुर जलाशय डूब क्षेत्र, मुख्य नहर एवं माइनर नहर निर्माण हेतु.

भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 16 जनवरी 2007

क्रमांक 7/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	पेण्ड्रारोड	गांगपुर	7.521	कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड.	गांगपुर जलाशय मुख्य नहर एवं माइनर नहर निर्माण हेतु.

भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पेण्ड्रारोड के कार्यालय में किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 22 जनवरी 2007

रा. प्र. क्र. 2/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (संशोधित अधिनियम सन् 1984) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मुंगेली	पुटपुरा	2.060	कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली.	पथरिया व्यपवर्तन योजना मुख्य नहर हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुंगेली के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 22 जनवरी 2007

रा. प्र. क्र. 03/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (संशोधित अधिनियम सन् 1984) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मुंगेली	पथरगढ़ी	3.583	कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली.	पथरिया व्यपवर्तन योजना मुख्य नहर हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुंगेली के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 22 जनवरी 2007

रा. प्र. क्र. 04/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (संशोधित अधिनियम सन् 1984) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मुंगेली	भुलनकॉपा	2.712	कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली.	पथरिया व्यपवर्तन योजना मुख्य नहर हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुंगेली के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 22 जनवरी 2007

रा. प्र. क्र. 05/अ-82/2006-2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (संशोधित अधिनियम सन् 1984) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मुंगेली	भरेवा	3.708	कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली.	पथरिया व्यपवर्तन योजना मुख्य नहर हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुंगेली के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक /01/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	पिपरानार	2.14	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक /02/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	बिटकुला	1.40	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक/03/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	खम्हरिया	1.07	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक /04/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	उड़ांगी	0.94	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक/05/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)	के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	मड़ई	7.28	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक/06/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	निरतू	3.32	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक/07/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	लुतरा	0.84	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक /08/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	धनिया	0.36	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत रेलपथ निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 13 फरवरी 2007

क्रमांक/09/अ-82/2006-07/सा-1-सात.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (एकड़ में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मस्तूरी	रांक	2.47	महाप्रबंधक, एन.टी.पी.सी., सीपत	एन. टी. पी. सी., सीपत राखड़बांध निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ. वि. अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गौरव द्विवेदी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

जांजगीर-चांपा, दिनांक 31 जनवरी 2007

क्रमांक 194/भू-अर्जन/2006.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबंध, उक्त भूमि के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके सम्बन्ध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
जांजगीर-चांपा	सक्ती	पोरथा प. ह. नं. 10	0.833	कार्यपालन यंत्री, मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक-5, खरसिया.	डोंगिया माइनर नहर

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी, हसदेव परियोजना, सक्ती के कार्यालय में देखा जा सकता है.

जांजगीर-चांपा, दिनांक 7 फरवरी 2007

